# रीवा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए पहली बार एटीआर-72 ने भरी उड़ान

## रीवा से दिल्ली विमान सेवा से विन्ध्य क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुलेंगे : डॉ. मोहन यादव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 नवम्बर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रीवा से अब दिल्ली दूर नहीं है. रीवा-दिल्ली विमान सेवा के आरंभ होने से विन्ध्य क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुल रहे हैं. जिस क्षेत्र में एक समय रेल नहीं मिलती थी आज वहां से विमान सेवा आरंभ हो रही है. मुख्यमंत्री ने भोपाल से रीवा दिल्ली विमान सेवा का रिमोट से बटन दबाकर वर्चुअली शुभारंभ किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एविएशन क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी स्थिति बनाई है. रीवा पूर्वी मध्यप्रदेश का प्रमुख औद्योगिक और धार्मिक केन्द्र है. खनिज संपदा और उद्योगों से समृद्ध यह क्षेत्र माँ शारदा धाम मैहर व चित्रकूट की आस्था से जुड़ा है. इस विमान सेवा से बांधवगढ़ नेशनल पार्क, पन्ना नेशनल पार्क, खजुराहों और अमरकंटक से भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सीधी तथा सिंगरौली भी विमान सेवा से जुड़ेगा. इस क्षेत्र को हेलीकाप्टर सर्विस का भी लाभ मिलेगा.




उन्होंने विन्ध्यवासियों को इस सौगात के लिये बधाई दी. समारोह में 72 सीटर विमान से आने वाले और जाने वाले यात्रियों का गुदुम बाजा शैला नृत्य से स्वागत किया गया.

**प्रधानमंत्री ने हवाई सेवा के लिए दी बधाई** -प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रीवा से 72 सीटर हवाई सेवा की प्रथम उड़ान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. शुभकांमना संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि अपने समृद्धि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव के लिए प्रसिद्ध रीवा अब हवाई संपर्क से नई ऊंचाईयां छूने जा रहा है. रीवा के साथ-साथ यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण है. यह नई उड़ान सेवा संपूर्ण विन्ध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के नये युग का शुभारंभ करेंगी. इस हवाई सेवा से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगमता मिलने के साथ व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आसीन संभावनाओं के द्वार खुलेगें. सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ आज भारत एक विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

**विंध्य अब पिछड़ा क्षेत्र नही: जर्नादन** - समारोह में कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा व विन्ध्य अब पिछड़ा क्षेत्र नहीं है यह आर्थिक तौर पर समृद्धशाली हो रहा है. सिंचाई सुविधाओं, सड़कों, रेलवे के विस्तार के बाद अब हवाई सेवा से जुड़ जाने से इस क्षेत्र को और आगे बढ़ने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अभी रात्रिकालीन विमान सेवा की सुविधा नहीं है लेकिन यह सुविधा रीवा में मिल रही है.

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद** -इस अवसर पर नगरीय विकास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक चित्रकूटी सुरेन्द्र सिंह, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, विधायक सीधी श्रीमती रीति पाठक, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. समारोह में प्रबंध संचालक औद्योगिक विकास निगम तथा सचिव विमानन विभाग चन्द्रमणि शुक्ला, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी हेमंत सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे.

### विन्ध्य को पंख लगाने वाला है आज का दिन : शुक्ल



एयरपोर्ट रीवा में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज का दिन विन्ध्य क्षेत्र के विकास की उड़ान को पंख लगने का दिन है. वर्ष 2014 से आरंभ हुआ सफर आज अपनी मंजिल को प्राप्त कर रहा है. पूरे विन्ध्य में आज उल्लास और उमंग का वातावरण है. इस सौगात में विन्ध्य के सभी जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों के प्रयास शामिल हैं. किसी बड़े उद्देश्य को पूरा करने के लिए भगीरथ प्रयासों की आवश्यकता होती है. विन्ध्य हवाई सेवा शुरू होने के बाद हर क्षेत्र में विकास करेगा. यहां रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि होगी. आज रीवा से दिल्ली की विमान सेवा शुरू हो रही है. शीघ्र ही रीवा से इंदौर, रीवा से बरगी शुरू होगी. मुख्यमंत्री जी द्वारा मंजूर की गयी नई विमानन नीति से रीवा को यह सौगात मिली है. इसके लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ. अब रीवा विकास की मुख्यधारा में आ रहा है. आज का दिन रीवा के इतिहाश में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा.

### उप मुख्यमंत्री सहित सांसदों ने उड़ान भरी

इससे पूर्व एलायंस एयर के सीएमडी अमित कुमार ने कहा कि रीवा के सपनों और संभावनाओं को नई ऊंचाइयाँ मिलेंगी. उन्होंने विन्ध्यवासियों को इस उपलब्धि के लिये शुभकामना दी. कार्यक्रम के उपरांत, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सीधी सांसद राजेश मिश्रा, सतना सांसद गणेश सिंह सहित प्रबुद्धजनों तथा गणमान्य नागरिकों व उद्यामियों ने दिल्ली की उड़ान भरी. इससे पूर्व सुबह 10 .30 बजे दिल्ली से रीवा आने पर विमान का वाटरकैनन द्वारा स्वागत किया गया. एलायंस एयर के राजर्षि सेन तथा अमित कुमार सहित अन्य आगंतुकों का उपमुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया.

### वर्षों का सपना पूरा हो रहा है : गणेश



सांसद सतना गणेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब इस उपलब्धि के साक्षी बन रहे हैं और वर्षों का सपना पूरा हो रहा है. वर्ष 2003 के बाद वर्ष 2025 का विन्ध्य अलग दिख रहा है. सतना, सिंगरौली, शहडोल के एयरपोर्ट भी शीघ्र ही विमान सेवा से जुड़ेगे और प्रधानमंत्री जी का समग्र विकास का संकल्प पूर्ण होगा. समारोह का समापन सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ. सांसद ने विन्ध्यवासियों को नई हवाई सेवा की शुभकामनाएं और बधाई दी.

# आकांक्षी ब्लॉक मझगवां में ब्लड ट्रांसफ्यूजन हुआ

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत

नवभारत न्यूज

**सतना 10 नवम्बर. मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा 25 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशानुसार चिन्हित गर्भवती महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाया गया।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि सोमवार को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉक मझगवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड



ट्रांसफ्यूजन जिला स्तर से विशेष टीम एवं उपलब्ध ब्लड ग्रुप को भेजकर चढ़वाया गया है। ब्लड जिस हाई रिस्क गर्भवती को चढ़ाया गया उनका नाम मोना कोल पति अजय कोल ग्राम महुली खेर (पिन्ड्रा) जिसका हीमोग्लोबिन 5 ग्राम था। इस दौरान जिला स्तर की टीम में डॉ. देवेंद्र पटेल ब्लॉक मझगवा से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रुपेश सोनी, डा दिवाकर सिंह, डा. धनंजय सिंह, बीसीएम देवमुनि पटेल, बी पीएम बागरी एवं मोबीलाईज करने वाले दल की आशा सुपरवाइजर आशा कार्यकर्ता ने समन्वय कर दायित्व का निर्वहन किया।

मझगवां में ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने पर जन समुदाय एवं गर्भवती के परिजनों को बहुत ही खुशी महसूस हुई एवं लोगों को विश्वास हुआ कि हाई रिस्क होने पर गर्भवती महिलाओं को ब्लड के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा। इसके अलावा अतिशीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में ब्लड बैंक भी प्रारंभ किया जाएगा।

# पीएमश्री उत्कृष्ट महाविद्यालय में गंभीर आरोप की शुरू हुई जांच

## उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक ने जुटाई महत्वपूर्ण जानकारी, भोपाल भेजी जाएगी रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 नवम्बर. पीएम श्री एक्सीलेंस डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सुरेशचंद्र राय पर लगे गंभीर आरोपों की जांच शुरू हो गई है। सोमवार शाम 3-30 बजे उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक आर.पी. सिंह कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कॉलेज में मौजूद दस्तावेजों की जांच की और प्रबंधन से मामले पर बात की। जांच पूरी होने के बाद सिंह ने बताया कि उनकी रिपोर्ट तैयार कर तुरंत भोपाल मुख्यालय भेजी जाएगी।**



यह मामला तब सामने आया था, जब पिछले महीने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने एक संदिग्ध कमरे का ताला भी तोड़ दिया था। उस समय प्राचार्य ने कहा था कि कमरा नैक की गाइडलाइंस के कारण बंद रखा गया है। इसी दौरान कुछ छात्राओं ने भी प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि प्राचार्य उन्हें अपने कमरे में बुलाते हैं, उनके मोबाइल चेक करते हैं और निजी बातचीत पर गलत टिप्पणियाँ करते हैं। छात्राओं का आरोप है कि किसी अनजान नंबर से कॉल आने पर प्राचार्य इसे बॉयफ्रेंड का फोन कहकर तंज कसते हैं।

अब इस मामले में उच्च शिक्षा विभाग सभी आरोपों की जांच कर रहा है। जांच अधिकारी ने दस्तावेज देखे हैं और लोगों से बात की और अब वे इसकी रिपोर्ट भोपाल भेजेंगे। इसके बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने जांच पूरी होने तक पूरी तरह चुप्पी साध रखी थी।

### वायरल ऑडियो से बढ़ा विवाद

मामला और बिगड़ गया जब प्राचार्य का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वे एक छात्रा को मिलने के लिए बुलाते हुए आर्थिक मदद और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात करते सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद कॉलेज परिसर में तनाव बढ़ गया था।

# कार्यक्षेत्र में सहयोगी कर्मी ही परिवार होते हैं : रजनीश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। एनसीएल की ककरी परियोजना के एकलव्य मैदान में एक दिवसीय 16वीं अन्तर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।**

समापन समारोह के दौरान निदेशक मनीष कुमार, रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह, आशुतोष द्विवेदी, कंपनी जेसीसी



सदस्य सीएमएस अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा एवं कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षागण सहित अन्य मौजूद रहे।समापन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मनीष कुमार ने अपने उद्बोधन में लगभग 6000 से अधिक एनसीएल गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने की नवाचारी पहल की सराहना की। साथ ही इस पहल के दूसरे चरण में रिफ्रेशर प्रशिक्षण के साथ-साथ इस अभियान से स्कूली बच्चों को भी जोड़ने के लिए आह्वान किया। निदेशक रजनीश नारायण ने कहा कि कार्यक्षेत्र में सहयोगी कर्मी ही परिवार होते हैं जो प्राथमिक उपचार से मदद करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में गृहणियों एवं महिलाओं की सहभागिता को अतुलनीय बताया। इस दौरान आशुतोष द्विवेदी ,सुनील प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल जेसीसी सदस्यगण और सीएमओएआई के महासचिव ने भी अपने विचार रखे।

# प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके का आगमन आज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके का दो दिवसीय आगमन कल दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे फ्लाईओला से सिंगरौली पहुंचेंगी। जहां विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुये रात्रि सूर्याभवन विंध्याचल में विश्राम करेंगी और दूसरे दिन विभागों की समीक्षा बैठक लेंगी।**

जानकारी के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके कल दिन मंगलवार की प्रातः 10 बजे से भोपाल से सिंगरौली के लिए हवाई जहाज से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सिंगरौली एयरपोर्ट पर



पहुंच सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के निजी निवासी देवसर-सुपेला पहुंच शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद दोपहर 2:30 बजे सूर्या भवन विंध्यनगर पहुंचेंगी। इसके बाद शाम 4 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। दूसरे दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे राजस्व, आदिम जाति, कृषि , महिला एवं बाल विकास, पर्यावरण एवं खनिज विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट भवन में लेने के बाद दोपहर 2:30 बजे नगर निगम की समीक्षा बैठक लेंगी। इसके बाद सरई मार्ग होते हुये मण्डला के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।






### सम्पत्तिकर जमा करने पर मिलेगी 4 प्रतिशत की छूट

**रीवा, 10 नवम्बर,** वित्तीय वर्ष 2025-2026 के सम्पत्तिकर पर नवम्बर माह तक 4 प्रतिशत अतिरिक्त छूट प्रदान की जा रही है. निगम क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन एवं भूमिस्वामी जिन्होंने अभी तक अपना सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, वे 30 नवम्बर 2025 तक बकाया कर जमा कर इस विशेष 4 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं जो भवन स्वामी स्वयं अपने भवन में निवास करते हैं, उन्हें पूर्ववत 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जा रही है. ऐसे नागरिक यदि इस अवधि में कर जमा करते हैं तो उन्हें 50 के साथ 4 अतिरिक्त कुल 54 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा.

# सीएम राइज स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**बरगवां 10 नवम्बर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत एसपी मनीष खत्री की निर्देश में सीएम राइज स्कूल बरगवां में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस दौरान बरगवां निरीक्षक मो. समीर वारसी द्वारा बताया गया कि ऑपरेशन मुस्कान का मुख्य उद्देश्य गुम हुए अवयस्क बालक/बालिकाओं की शीघ्र एवं




सुरक्षित दस्तयाबी, सुरक्षित परिजनों को सौंपना, गुमशुदगी के कारणों की पहचान कर रोकथाम करना है। पुलिस विभाग इस दिशा में सतत रूप से प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों से अपील भी करी कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति, अत्याचार, शोषण या जोखिम की स्थिति में वे घबराएँ नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस, परिवार या विद्यालय प्रबंधन को अवगत कराएँ। साथ ही उन्होंने डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन जैसी सेवाओं की जानकारी देते हुए इनके उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार, गुड टच-बैड टच, नशे के दुष्परिणाम एवं ऑनलाइन अपराध से सुरक्षा विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी मो. समीर वारसी समेत उपनिरीक्षक प्रियंका शर्मा, आर अरविंद यादव, कृति कुशवाहा की उपस्थिति में विद्यालय के करीब तीन सैकड़ा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव 14 को


**सिंगरौली 10 नवम्बर ।** प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिंगरौली ने अवगत कराया है कि आगामी 14 नवम्बर को आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पस ड्राईव में भाग लेने वाली कम्पनी आणानी सोलर पावर कच्छ गुजरात विभिन्न ट्रेडो में भर्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव में शामिल होने वाल अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, आईटीआई टेक्निकल ट्रेड, कम्प्यूटर सिविल, डिप्लोमा, मकैनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेली कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक एण्ड इन्स्ट्रूमेंट बीएससी निर्धारित किया गया है।

# नशीली कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 नवम्बर, थाना गढ़ अन्तर्गत लालगांव चौकी पुलिस ने नशीली कफ सिरप की बिक्री करने वाले एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है. जिसके पास से 29 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई है साथ ही मोटर साइकल भी जप्त की गई है.**

चौकी प्रभारी लालगांव उनि राजभान सिंह को हमरा हस्टाफ के देहात भ्रमण एवं अपराध विवेचना दौरान मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि पहरखा तरफ से एक व्यक्ति अपनी नीले रंग की मोटर साईकल से नशीली कफ सीरप लेकर बेलवा कुर्मियान तरफ जा रहा है. सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार रेड कार्यवाही करके आरोपी मनोज पटेल पिता यज्ञसेन पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी बेलवा कुर्मियान थाना गढ़ के कब्जे से 29 नग नशीली आनरेक्स कफ सीरप कीमती 5655/ रूपये तथा घटना मे प्रयुक्त नीले रंग की अपाची मोटर साईकल जप्त कर विधि अनुसार कार्यवाही करके अपराध पंजीबद्ध किया गया. पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.



# यूपी के बरेली से दस्तयाब हुई बालिका

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 नवम्बर। जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र से लापता एक 12 वर्षीय बालिका को पुलिस ने यूपी के बरेली से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। यह सफलता विंध्यनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना द्विवेदी के देख-रेख एवं चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार एवं चौकी के पुलिस टीम को मिली है।**

जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर को फरियादिया (परिर्वतित नाम) सोनमती पति रामलाल निवासी जयंत ने चौकी में सूचना दिया कि पुत्री (परिर्वतित नाम) मीनाक्षी उम्र 12 वर्ष का बिना बताये कही चले जाने सम्भवतः किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना अपहरण कर लेने की रिपोर्ट पर दर्ज कराया। जहां धारा 137 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना पता तलास अपहृता 12 वर्षीय बालिका को ग्राम पचौनी थाना फरीदपुर जिला बरेली उ.प्र. से दस्तयाब कर बाद आवश्यक कार्यवाही परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि जीवेन्द्र मिश्रा, दीपनारायण, प्रआर बीरेन्द्र पटेल, आरती सूर्यवंशी, प्रकाश सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# बंद घर से फैली जहरीली गैस से मचा हड़कंप, अवैध मिनी फैक्ट्री का खुलासा

## पुलिस ने बड़ी मात्रा में ज्वलनशील रसायन, ड्रम, पैकिंग सामग्री, मशीनें और कच्चा माल किया बरामद, संचालक फरार

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 नवम्बर. मैहर जिले के कुम्हारी गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बंद घर से अचानक जहरीली गैस फैलने लगी। देखते ही देखते पूरे इलाके में तेज बदबू और घुटन का माहौल बन गया। लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होने लगी। घबराए ग्रामीणों ने तुरंत अमरपाटन पुलिस को सूचना दी।**





### कई सालों से बंद था घर

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मकान कृषि विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी जयपाल सिंह का है, जो कई वर्षों से बंद पड़ा था। ग्रामीणों ने बताया कि जयपाल सिंह का नाती रिप्पू सिंह देर रात एक गाड़ी से आता था और कुछ सामग्री रखकर लौट जाता था। घटना के बाद से रिप्पू सिंह फरार बताया जा रहा है। ग्रामीणों को अंदर चल रही गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी क्योंकि घर हमेशा बंद रहता था। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक जांच के लिए केमिकल सैंपल भेजे गए हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन-से पदार्थों का उपयोग हो रहा था और उनका स्रोत क्या था। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षित घोषित किया है और ग्रामीणों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

जानकारी मिलते ही अमरपाटन थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर की घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को घर के अंदर एक अवैध मिनी फैक्ट्री चलने का पता चला, जहां ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ और सीलिंग में उपयोग होने वाला केमिकल तैयार किया जा रहा था।

पुलिस ने घर के अंदर से बड़ी मात्रा में ज्वलनशील रसायन, ड्रम, पैकिंग सामग्री, मशीनें और कच्चा माल बरामद किया है। गैस की गंध इतनी तीव्र थी कि पुलिसकर्मियों को मास्क और सेफ्टी किट पहनकर जांच करनी पड़ी। सुरक्षा कारणों से घर और उसके आसपास का पूरा क्षेत्र सील कर दिया गया। मौके पर फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल स्क्वॉड को बुलाया गया, जिन्होंने हर कोने की बारीकी से जांच की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अवधेश प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर, डीएसपी ख्याति मिश्रा और फोरेंसिक विशेषज्ञ दल मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर को सील कर दिया गया है और बरामद रसायनों के सेंपल जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। पुलिस ने कृषि विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और फायर ब्रिगेड टीम को भी जांच में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि गैस का प्रभाव घातक नहीं है, लेकिन आसपास के क्षेत्र में सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

### कंटेनर में मिला थियोनिल क्लोराइड

तलाशी के दौरान मौके से कई केमिकल जार, मिक्सिंग मशीनें, सीलिंग उपकरण और औद्योगिक रासायनिक कंटेनर बरामद हुए। एक कंटेनर पर %थियोनिल क्लोराइड% लिखा मिला, जिसे अत्यंत ज्वलनशील और विषैला माना जाता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों के अनुसार, इसकी छोटी मात्रा भी आंख और फेफड़ों पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। पुलिस को संदेह है कि यह मामला अवैध औद्योगिक रसायन उत्पादन, संभावित तस्करी या किसी बड़े रसायन आपूर्ति नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। मुख्य आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99